समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Friday, 25 September 2026

# जगन्नाथ रथयात्रा मे गौतम अडानी का 'सेवा से साधना' संकल्प, अडानी ग्रुप ने भोजन से लेकर सुरक्षा तक संभाली जिम्मेदारी।

Publisher

Published on 28 Jun 2025



## पुरी रथयात्रा 2025 मे अंडानी परिवार की भक्ति और सेवा भाव की झलक, श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, छतरियां और सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम।

**पूरे परिवार संग रथयात्रा मे पंहुंचे गौतम अडानी**

पुरी में आयोजित **महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा** के अवसर पर देश के प्रमुख उद्योगपति **गौतम अडानी,** उनकी **पत्नी प्रीति अडानी** और **पुत्र करण अडानी** भी भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन में **अडानी परिवार ने पूजा-अर्चना** के साथ-साथ **प्रसाद सेवा** में भी भाग लिया।

**गौतम अडानी** ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा: "यह रथ यात्रा आस्था, सेवा और एकता का विराट स्वरूप है। मन, बुद्धि और आत्मा तीनों को आनंदित कर देती है। महाप्रभु की कृपा भारतवासियों पर बनी रहे।"

**अडानी ग्रुप का विशाल सेवा अभियान**

१. **26 जून से 8 जुलाई 2025 तक चलने वाली रथयात्रा** के दौरान, **अडानी ग्रुप** ने अनुमानित **4 करोड़ भोजन** और **पेय पदार्थों** के वितरण का संकल्प लिया है।
२. कई स्थानों पर बनाए गए **भोजन केंद्रों पर श्रद्धालुओं, वॉलंटियर्स** और **फ्रंटलाइन वर्कर्स** को **नि :शुल्क भोजन** और **ठंडा पानी** दिया जा रहा है।
३. **गर्मी से बचाव के लिए जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थों** के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

**सुरक्षा और सुविधा मे भी निभाई अग्रणी भूमिका**
सेवा का दायरा केवल भोजन तक सीमित नहीं है। अडानी ग्रुप ने:
१. **सफाई कर्मचारियों को फ्लोरेसेंट जैकेट्स**
२. **वॉलंटियर्स को ब्रांडेड टी-शर्ट्स**
३. **सुरक्षा बलों और श्रद्धालुओं को रेनकोट, छतरियां और कैप्स**
**वितरित किए है**।

इसके अतिरिक्त, पुरी बीच **लाइफगार्ड महासंघ** के साथ मिलकर समुद्र किनारे सुरक्षा के लिए विशेष लॉजिस्टिक सपोर्ट भी दिया जा रहा है।

**स्थानीय संस्थाओं और ISKCON के साथ संयुक्त सेवा**
यह अभियान **पुरी जिला प्रशासन, ISKCON** और **स्थानीय सामाजिक संगठनों** के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। इससे पहले **महाकुंभ प्रयागराज** में भी अडानी ग्रुप ने इसी तरह का **सेवा अभियान सफलतापूर्वक** संचालित किया था।

**'सेवा से साधना' की भावना**
गौतम अडानी ने कहा: "महाकुंभ में हमने 'सेवा से साधना' की शुरुआत की थी, और अब पुरी में इसे और विस्तार देने का संकल्प लिया है।"

यह उदाहरण दर्शाता है कि अब **कॉर्पोरेट क्षेत्र** भी **धार्मिक आयोजनों** और **सामाजिक सेवा** में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.